कार्यालय – प्राचार्य, शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा

जिला – दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Website: www.gmkgc.in   Email: gmkgcdantewada@gmail.com

Telephone- (07856) 252681, (07856) 252646

क्र0 / 330 / स्था0 / 2024   दन्तेवाड़ा, दिनांक– 02 / 12 / 2024

अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक (वैकल्पिक व्यवस्था) द्वारा अध्यापन हेतु आवेदन का आमंत्रण

शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दन्तेवाड़ा, जिला–दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ०ग०) के विज्ञापन क्रमाक / 112 / स्था. विज्ञापन / 2024 दन्तेवाड़ा दिनांक 15 / 07 / 2024 के माध्यम से सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) के रिक्त पद के विरूद्ध अतिथि व्याख्याताओं / अतिथि शिक्षक सहायक के पद हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये थे, जिसमें से चयनित अतिथि व्याख्याता के प्रसूति (मातृत्व) अवकाश पर जाने के कारण अतिथि व्याख्याता नीति–2024 के प्रावधानों के अन्तर्गत अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक (वैकल्पिक व्यवस्था) हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

इच्छुक तथा योग्य उम्मीदवार दिनांक 17.12.2024 को सायं 05.00 बजे तक आवेदन पत्र पंजीकृत डाक अथवा स्वयं महाविद्यालय के कार्यालय अवधि में उपस्थित होकर जमा कर रसीद प्राप्त करेंगे। ई मेल में कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जावेगा। संपूर्ण योग्यता तथा चयन प्रक्रिया का सम्पादन अतिथि व्याख्याता नीति –2024 के परिपालन में किया जायेगा।

अतिथि व्याख्याता नीति–2024 का अवलोकन महाविद्यालय के वेबसाईट www.gmkgc.in से किया जा सकता है।

रिक्त पद का विवरण निम्नानुसार है–

क्र.	विषय	रिक्त पद	रिमार्क
01	हिन्दी	01	–

विशेष शर्तें–

1. अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक के रूप में कार्य करने के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली व उच्च शिक्षा विभाग छ०ग० शासन रायपुर द्वारा निर्धारित योग्यताएं मान्य होंगी एवं उच्च शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्ड के अनुसार मेरिट सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
2. चयनित उम्मीदवार के विरूद्ध पुलिस या न्यायालय में कोई अपराधिक प्रकरण लंबित न हो तथा वह किसी अन्य शासकीय / अशासकीय सेवा में न हो इस बाबत शपथ पत्र कार्यभार ग्रहण करते समय प्रस्तुत करना होगा।

3. नियमित नियुक्ति/प्रतिनियुक्ति/स्थानांतरण तथा शासन की अन्य व्यवस्था के तहत अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक की पदस्थापना होने पर अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक की नियुक्ति स्वयं निरस्त मानी जायेगी।

4. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, जाति/निवास एवं अन्य प्रमाण पत्र की स्व-सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।

5. चयनित उम्मीदवार को महाविद्यालय में अध्ययन अध्यापन कार्य के अतिरिक्त यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीड़ा गतिविधियां, युवा उत्सव आतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन नैक मूल्यांकन संबंधी कार्य करना होगा।

6. अतिथि व्याख्याता का वरीयता सूची में प्राथमिकता क्रम निम्नानुसार होगा :-

   श्रेणी -1
   संबंधित विषय में पी-एच.डी.

   श्रेणी-2
   नेट/सेट परीक्षा उत्तीर्ण

   श्रेणी-3
   संबंधित विषय में एम.फिल. धारक

7. उपर्युक्त पद हेतु अतिथि व्याख्याता की नियुक्ति पूर्व मे कार्यरत अतिथि व्याख्याता के प्रसूति (मातृत्व)) अवकाश पर जाने के कारण 06 माह के लिए रिक्त हुआ है। अतः अतिथि व्याख्याता नीति-2024 के प्रावधानों के अन्तर्गत वैकल्पिक अतिथि व्याख्याता/अतिथि शिक्षण सहायक व्याख्याताओं की व्यवस्था इस शर्त पर की जायेगी कि अवकाश (180 दिवस से अधिक नहीं) में गए अतिथि व्याख्याता प्रसूति अवकाश (180 दिवस से अधिक नहीं) उपरान्त कार्यभार ग्रहण करने पर वैकल्पिक व्याख्याता को उनके कार्य से स्वतः कार्यमुक्त माना जायेगा।

02.12.2024

(डॉ. विवेक शर्मा)
प्राचार्य
शासकीय महेन्द्र कर्मा कन्या महाविद्यालय,
दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

Principal
Govt. Mahendra Karma Girls
College Dantewada (South Bastar) C.G